पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड
POWER FINANCE CORPORATION LTD.
(भारत सरकार का उपक्रम) (A Govt. of India Undertaking)
(आई.एस.ओ. 9001:2015 प्रमाणित) (ISO 9001:2015 Certified)

प्रेस विज्ञप्ति

10 अगस्त, 2020

पीएफसी ने उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर में जिला अस्पताल में मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर के निर्माण के लिए हस्ताक्षर किए

नई दिल्ली, 10 अगस्त, 2020: सरकार के स्वामित्वाधीन पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड (पीएफ़सी), भारत की प्रमुख एनबीएफ़सी, ने आज जिला अस्पताल, सिद्धार्थनगर में दो मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर रूम के निर्माण के लिए उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर के जिला प्रशासन के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। एमओए के अंतर्गत, पीएफसी अपनी सीएसआर पहल के अंतर्गत जिला प्रशासन, सिद्धार्थनगर को परियोजना के निष्पादन के लिए 94 लाख रुपए के करीब की वित्तीय सहायता प्रदान करेगा।

श्री एम प्रभाकर दास, सीजीएम (सीएसआर और एसडी), पीएफसी और डॉ दिनेश कुमार चौधरी, उप सीएमओ, सिद्धार्थनगर ने संबंधित संगठनों की ओर से समझौते पर हस्ताक्षर किए।

समझौते का उद्देश्य कैचमेंट क्षेत्र में शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) और मातृ मृत्यु अनुपात (एमएमआर) को कम करने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे को विकसित करने के लिए सिद्धार्थनगर जिला प्रशासन को आवश्यक सहायता प्रदान करना है। ढांचागत विकास से जिले के आसपास के क्षेत्रों में नवजात मृत्यु दर (एनएमआर) को कम करने में भी मदद मिलेगी।

हस्ताक्षरित/-

(एस एस राव)

वरिष्ठ महाप्रबंधक (जन संपर्क)